सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## अष्टम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 21 फाल्गुन, 1934 (श0) / 12 मार्च, 2013 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 159

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) प्राथमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 35 |
| (2) माध्यमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 53 |
| (3) अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग | .. | .. | 07 |
| (4) परिवहन विभाग | .. | .. | 06 |
| (5) पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | .. | 05 |
| (6) उच्च शिक्षा विभाग | .. | .. | 10 |
| (7) कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | .. | 17 |
| (8) समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 17 |
| (9) निबंधन विभाग | .. | .. | 03 |
| (10) खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | 01 |
| (11) उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग | .. | .. | 01 |
| (12) पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. | .. | 03 |
| (13) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग .. | 159 |

निर्माण करना

*2014. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर पहाड़ी के ऊपर रोहतास जिला के अकबरपुर से कैमूर जिला के अधौरा तक सड़क बनाने का डी०पी०आर० बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण हेतु विभाग के पास राशि उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2015. श्री रामानंद राम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के नावकोठी प्रखंड में एक भी कन्या उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड मुख्यालय में मात्र एक राधा देवी कन्या उच्च विद्यालय, नावकोठी में अवस्थित है, जिसमें 16 कमरें और लगभग तीन बीघा जमीन भी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राधा देवी कन्या मध्य विद्यालय, नावकोठी को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है ?

---------

निर्माण करना

*2016. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बहेड़ा में प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय एवं बाजपट्टी प्रखंडान्तर्गत नोपानी उच्च विद्यालय, नरहा उच्च विद्यालय, नानपुर प्रखंड के शान्तिकुटीर उच्च विद्यालय, जानीपुर उच्च विद्यालय, रामअवतार उच्च विद्यालय कोईली तथा चोखरा प्रखंडान्तर्गत खड्डा उच्च विद्यालय तथा बुधनगरा उच्च विद्यालय है, जहां चहारदीवारी नहीं है, जिसके फलस्वरूप आये दिन चोरी एवं पठन-पाठन में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में उल्लेखित विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियोजन करना

*2017. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 1 जून, 2006 से 1 दिसम्बर, 2012 तक उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर राजकीय, राजकीयकृत एवं प्रोजेक्ट हाई स्कूलों में अन्य विषयों की तरह मैथली भाषा के शिक्षकों की भी नियुक्ति का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के कार्यान्वयन के लिए फरवरी, 2011 में आयोजित एस०बी०ई०टी० पात्रता परीक्षा में मैथिली विषय को भी शामिल किया गया एवं सफल अभ्यर्थियों से विभिन्न जिलों में आवेदन पत्र लिये गये हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि दरभंगा, पूर्णियाँ, अररिया, कटिहार, बेगूसराय, खगड़िया समेत अन्य जिलों से मैथिली विषय के शिक्षकों की कोई रिक्ति अभीतक नहीं निकाली गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिलों में मैथिली के शिक्षकों की रिक्तियां चिन्हित कर उनके विरुद्ध शिक्षकों के नियोजन का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुचारू रूप से चलाना

*2018. श्री (डॉ) अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के कुन्दह पंचायत के मुस्लिम कौरा टोला में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय की स्थापना वर्ष 2006 में किया गया तथा दो शिक्षक का नियोजन भी किया गया परन्तु उक्त दोनों शिक्षक एक दिन भी प्राथमिक विद्यालय में उपस्थित नहीं रहे हैं जिससे पठन-पाठन कार्य बाधित होता है एवं इसके संबंध में उच्चाधिकारी से शिकायत भी किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की पढाई सुचारू रूप से चलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2019. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड सुगौली में राजकीय मध्य विद्यालय भरहां अवस्थित है, जहां 7 किलोमीटर की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है जिस कारण माध्यमिक शिक्षा ग्रहण करने में छात्र/छात्राओं को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने के सभी मापदण्डों को पूरा करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*2020. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद् अन्तर्गत दुर्गा बालिका उच्च विद्यालय में लगभग 1300 (तेरह सौ) छात्राएं पढ़ रही हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय, मध्य विद्यालय, पुरानी बाजार के छत पर बने पाँच कमरों में चल रही है, जहां छात्राओं के बैठने तक की जगह नहीं मिल पा रही है, जबकि उक्त विद्यालय का अपना जमीन भी उपलब्ध नहीं, है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित विद्यालय का सरकार की खाली पड़ी जमीन पर भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*2021. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मेसकौर प्रखंड के ग्राम नवलचक, पंचायत मिर्जापुर में नव सृजित प्राथमिक विद्यालय सामुदायिक भवन में चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचलाधिकारी मेसकौर के पत्रांक 248, दिनांक 28 जुलाई 2010 एवं पत्रांक 950, दिनांक 9 जून, 2012 द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक नवादा को नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बनाने हेतु पत्र भेजा गया था जिसका रकबा एक एकड़ 45 डिसमिल है जिसका खाता नं० 490, खेसरा 2786 है तथा जमीन पर निर्माण कार्य प्रारम्भ होते ही असामाजिक तत्वों द्वारा निर्माण कार्य बंद करवा दिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*2022. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के बालिका उच्च विद्यालय, तुलसिया की चहारदीवारी नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण विद्यालय का सामान असुरक्षित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्त करना

*2023. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति हेतु कर्मचारी चयन आयोग, पटना द्वारा विज्ञापन सं० 210/2010 प्रकाशित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विज्ञापन के आलोक में सत्र 1978--1980, सत्र 1981--1983 में प्रशिक्षित एवं आयोग द्वारा तैयार पैनेल लिस्ट के वरीयता क्रमांक 509, श्री दिनेश कुमार उर्फ लाल बाबू, मीना कुमारी, ग्राम-पो० नूरसराय (नालन्दा) सत्र 1981--1983, वरीयता क्रमांक 1125, श्रीमती निलम सिन्हा, ग्राम मुदफरपुर, पो० राजगीर (नालन्दा) सत्र 1988-1990, वरीयता क्रमांक 45514, शिशुपाल कुमार, मुहल्ला उपाध्याय टोला, राजगीर (नालन्दा) सत्र 1987--89, वरीयता क्रमांक 39228 एवं शैलेन्द्र कुमार, ग्राम-पो० मुर्गीयाचक, वेना (नालन्दा) सत्र 1987--1989, वरीयता क्रमांक 40043 का नाम अंकित है फिर भी इनकी नियुक्ति नहीं की जा सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त नामित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रशिक्षित शिक्षक पद पर करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2024. डॉ० अरूण कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के द्वारा वर्ष 2012 में यह घोषणा किया गया था कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक उच्च विद्यालय बनाया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अन्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखण्ड के ग्राम पंचायत, औरलाहा में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय, परसाही मठ को भूमि उपलब्ध है एवं 17 कि० मी० तक कोई उच्च विद्यालय नहीं है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, परसाही मठ को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2025. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय, बसमतिया के पन्द्रह कि० मी० के परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है जिससे वहाँ के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*2026. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा वर्ष 2011 में निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक जिला में जननायक कर्पूरी छात्रावास का निर्माण किया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के आलोक में दरभंगा जिला में जननायक कर्पूरी छात्रावास का निर्माण आजतक नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरभंगा जिला में जननायक कर्पूरी छात्रावास का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पढ़ाई कराना

*2027. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गुठनी के चितारवाल बाबा बालनाथ उच्च विद्यालय एवं गुठनी लोक मान्य तिलक उच्च विद्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर छात्रों की पढ़ाई 9 बजे सुबह से 12 बजे मध्याह्न तक ही कराई जा रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में छात्रों के हित में 9.00 बजे से 3.00 अपराह्न तक नियमानुसार पढ़ाई करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मिट्टी भराई कराना

*2028. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला मुख्यालय में मात्र एक स्टेडियम है जो जर्जर अवस्था में है एवं स्टेडियम में तीन फीट तक पानी भरा रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार स्टेडियम की मरम्मत के साथ स्टेडियम प्रांगण में मिट्टी भराई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुनिश्चित करना

*2029. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत बेलदौर प्रखण्ड के पीरनगरा पंचायत के मध्य विद्यालय, केहर मंडल टोला में छात्र-छात्राओं की कुल संख्या 600 है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में मात्र 40 बेंच-डेस्क है जिससे अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं को काफी दिक्कतें हो रही हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में छात्र-छात्राओं के अनुपात में बेंच-डेस्कों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*2030. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट प्रखण्ड के ग्राम मनोरथा में तथा बहेड़ी प्रखण्ड के मोईन महुआ ग्राम में उच्च विद्यालय नहीं रहने से आस-पास के 22 ग्राम के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों ग्राम के 8 कि०मी० के अन्दर कोई उच्च विद्यालय नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों ग्राम में उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्यालय खोलना

*2031. श्री केदार नाथ सिंह--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत बनियापुर प्रखण्ड में निबंधन कार्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड में निबंधन कार्यालय नहीं होने से वहाँ की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के मुख्यालय में निबंधन कार्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण करना

*2032. श्री पद्म पराग राय वेणु--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखण्डान्तर्गत उच्च विद्यालय, सिमराहा (रेणुगाँव) में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2012 में दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि मात्र दस लाख रु० का आवंटन दिये जाने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूरी राशि उपलब्ध कराकर स्टेडियम निर्माण कार्य पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्वीकृति देना

*2033. श्री राम लषण राम 'रमण'--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालयों में +2 (प्लस टू) की पढ़ाई की स्वीकृति नहीं दी गई है जिसे उक्त विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को प्रवेशिकोत्तीर्णता के बाद आगे की पढ़ाई में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में +2 (प्लस टू) की पढ़ाई की स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कॉलेज खोलना

*2034. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गुठनी, दरौली, आन्दर प्रखण्डों में एक भी पोलिटेक्निक कॉलेज नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार सीवान जिला के गुठनी, दरौली, आन्दर प्रखण्डों में पोलिटेक्निक कॉलेज खोलना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*2035. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा के पत्रांक 382, दिनांक-3 सितम्बर, 2009 तथा ज्ञापांक 62, दिनांक 7 फरवरी, 2010 के आलोक में 64 मध्य वि० को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने हेतु निदेशक, माध्यमिक विद्यालय को भेजी गई सूची में क्रमांक 3 पर मध्य विद्यालय, भेलवा के पास 3.62 एकड़ जमीन है, जबकि उक्त सूची में सिर्फ 1.50 एकड़ जमीन रहने की जानकारी दी गई है तथा वहाँ आठ वर्ग कक्ष एवं छात्र-छात्राओं की संख्या काफी अधिक है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, भेलवा को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2036. श्री रामधनी सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिले के करगहर प्रखण्ड के भोखरी पंचायत के पत्रांक 12, दिनांक 31 मई, 2005 द्वारा श्रीमती आशा कुमारी को शिक्षा मित्र के रूप में नियोजित किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के पत्रांक 2, दिनांक 18 अप्रील, 2009 द्वारा ''नियुक्ति में अनियमितता'' के आरोप लगाते हुए श्रीमती आशा कुमारी को कार्यमुक्त कर दिया गया और उनकी जगह पत्रांक 3, दिनांक 19 अप्रील, 2009 द्वारा पुष्पांजलि कुमारी को नियोजित नियम के विपरित किया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नियोजन रद्द कर भुगतान की गयी राशि वसूलने एवं नियोजन हेतु जिम्मेवार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों?

---------

उत्खनन रोकना

*2037. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर एवं वजीरगंज प्रखण्ड के भिन्डस, इटावाँ, मंझौली, पहाड़पुर, बोधचक आदि गाँवों को पहाड़ियों में अवैध उत्खनन से इस क्षेत्र का पर्यावरण दूषित हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पत्थर खुदाई एवं बड़े-बड़े क्रेशर प्लांटों के कार्यरत रहने से इस क्षेत्र की वन सम्पदा और पेड़-पौधे पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं जिसका कुप्रभाव पर्यावरण संरक्षण पर पड़ रहा है तथा इसके संबंध में जिला पदाधिकारी को भी पत्र लिखा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त क्षेत्र में वैध/अवैध उत्खनन रोकने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*2038. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहियाँ प्रखण्ड के अमराई नवादा गाँव के राजकीय बुनियादी विद्यालय में कक्षा आठ तक की पढ़ाई होती है जिसमें कुल 539 छात्र नामांकित हैं तथा विद्यालय में 15 कमरे सहित 2 एकड़ 07 डिसमिल जमीन उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के तीन कि०मी० के सर्किल में कोई विद्यालय तथा सात कि०मी० के सर्किल में कोई कन्या उच्च विद्यालय नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को कन्या उच्च विद्यालय के रूप में उत्क्रमित करने का विचार रखती है ?

----------

भुगतान करना

*2039. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 अक्तूबर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक '' सरकारी तंत्र ही लगा रहा सरकार को राजस्व का चूना'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्राइवेट वाहन के रूप में परिवहन विभाग में निबंधित चार पहिया वाहनों को भाड़े पर नहीं चलाया जा सकता है, परन्तु अररिया जिले में सिविल सर्जन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी मध्याह्न भोजन योजना, कल्याण पदाधिकारी आदि कार्यालयों में भाड़े पर लेकर चलाने वाले चार पहिया वाहन परिवहन विभाग में प्राइवेट वाहन के रूप में निबंधित है परन्तु उनका भुगतान विधिवत इन कार्यालयों द्वारा किया जा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार वैसे अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का विचार रखती है जो प्राइवेट चार पहिया वाहनों के भाड़े का भुगतान कर रहे हैं, नहीं, तो क्यों?

----------

आपूर्ति करना

*2040. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के धमदाहा प्रखण्ड अधीन मोगलिया आवासीय अनु० जन-जाति उच्च विद्यालय में शौचालय तथा शुद्ध पेय जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शौचालय तथा शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*2041. श्री अब्दुलबारी सिद्धिकी-- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्री अजय कुमार बोस उप-निदेशक (युवा कल्याण) दिनांक 30 सितम्बर, 2011 को सेवानिवृत्त हुये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि महालेखाकार, बिहार के पत्रांक Pen14/Pen050912141919/201211142242, Po, दिनांक 04 अक्टूबर, 2012 द्वारा श्री बोस का पेंशन उपदान एवं रूपान्तरित पेंशन के भुगतान हेतु प्राधिकार-पत्र निर्गत कर दिया गया है, जिसका पी०पी०ओ० नं० 201211142242 है, लेकिन अभीतक इस सेवांत लाभ का भुगतान उनको नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो श्री बोस को अभीतक सेवानिवृत्ति के लाभ का भुगतान नहीं होने का क्या कारण है तथा सरकार कबतक उनको उक्त लाभ का भुगतान करने का विचार रखती है ?

------------

निर्माण करना

*2042. श्री दिनेश कुमार सिंह-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत वरनाँव, जितौरा, हरदिया, आथर, हसवाडीह, दलिपुर, दाँवा, लहठान, अगिआँव, अरैला में उच्च विद्यालय चहारदीवारीविहिन होने से छात्र-छात्राओं को असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में चहारदीवारी निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नियुक्त करना

*2043. श्री अजीत कुमार-- स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 18 फरवरी, 2013 को प्रकाशित ''रोक के बावजूद बिहार विश्वविद्यालय में हुई नियुक्ति'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार ने 15 मार्च, 2011 को एक आदेश जारी कर विश्वविद्यालय में किसी भी प्रकार की नियुक्ति व स्थानान्तरण पर रोक लगा दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के उक्त आदेश के बावजूद बी०आर०ए० बिहार विश्वविद्यालय में जून, 2011 से दिसम्बर, 2011 के बीच 97 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड(1) में वर्णित आदेश के बावजूद बी०आर०ए० बिहार विश्वविद्यालय में 97 कर्मचारियों की नियुक्ति का क्या औचित्य है ?

------------

पूर्ण कराना

*2044. श्रीमती गुलजार देवी-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड में स्थित बाबूदाय अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय +2 भवन का कार्य छत ढलाई तक पूर्ण है और भोला उच्च विद्यालय, डेवढ का निर्माण कार्य कुर्सी लेवल स्तर तक हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि कमरों के अभाव में छात्र/छात्राओं का पठन-पाठन कार्य बाधित होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों +2 उच्च विद्यालय के भवन का कार्य पूर्ण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*2045. श्रीमती आशा देवी-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के दियारा क्षेत्र में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पतलापुर स्थित है जहाँ छात्रों की संख्या 800 एवं शिक्षकों की संख्या मात्र 04 है, जिसके कारण पढ़ाई बाधित होती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस विद्यालय में शिक्षकों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन बनाना

*2046. श्रीमती मुन्नी देवी-- क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि महादलित टोलों में जहाँ पहले से सामुदायिक भवन (वर्क शेड) नहीं है, वहाँ सामुदायिक भवन (वर्क शेड) का निर्माण किया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहियाँ प्रखंड के दोघरा, रामलगन राम के टोला, घाघा, गंज, जमुँआ, नौसेटांड, साहोडीह, महादलित टोला एवं शाहपुर प्रखंड के डुमरिया (झौवां), देवमलपुर बहुदरी, बिलौटी, बरीसवन, ओझवलिया, दामोदरपुर, लच्छु टोला, महादलित टोला में एक भी सामुदायिक भवन (वर्क शेड) नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महादलित टोलों में सामुदायिक भवन (वर्क शेड) बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*2047. डॉ० इजहार अहमद-- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के किरतपुर प्रखंड के जमालपुर मौजे खेल मैदान एवं झगरूआ ग्राम में खेल मैदान बनाने के संबंध में जिलाधिकारी, दरभंगा ने अपना प्रस्ताव वर्ष 2009-10 में ही विभाग को भेजा है, जिसपर आजतक कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------------

उत्क्रमित करना

*2048. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखंड के बरोरह मध्य विद्यालय, मधुरापुर मध्य विद्यालय, मलपा मध्य विद्यालय, कनोसी मध्य विद्यालय के आस-पास एक भी उच्च विद्यालय अवस्थित नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के छात्र-छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा ग्रहण करने में अत्यधिक दूरी तय करना पड़ती है जिस कारण छात्रों को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चारो मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*2049. श्री विक्रम कुँवर-- दिनांक 26 अगस्त, 2012 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित ''रिश्वत की शिकायत बवाल'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के पचरुखी की सी०डी०पी०ओ० मनोरमा देवी को सैकड़ों ग्रामीणों ने घुस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया;

(2) क्या यह बात सही है कि पुलिस ने घुस के 21 हजार रुपये जब्त कर लिये परन्तु सी०डी०पी०ओ० के विरुद्ध आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सी०डी०पी०ओ० के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्गत करना

* 2050. श्री अरुण मांझी—क्या मंत्री, शिक्षा (उच्च शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्य मंत्री महोदय ने डी0एन0 कॉलेज, मसौढ़ी, पटना को अंगीभूतिकरण हेतु विद् महाधिवक्ता से परामर्श हेतु दिनांक 07 दिसम्बर, 2008 को आदेश दिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद् महाधिवक्ता ने इस महाविद्यालय की लम्बित अधिसूचना निर्गत करने हेतु दिनांक 20 दिसम्बर, 2008 को अपनी सहमति दे चुके हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव शिक्षा ने इस महाविद्यालय के अंगीभूतिकरण के अधिसूचना हेतु सहमति के साथ दिनांक 30 मई, 2010 को प्रस्ताव दिया था ;

(4) क्या यह बात सही है कि माननीय मंत्री, शिक्षा ने इस महाविद्यालय के अंगीभूतिकरण हेतु मंत्रिमंडल की स्वीकृति हेतु दिनांक 17 जनवरी, 2011 को संलेख बनाने एवं दिनांक 14 फरवरी, 2011 को संलेख का अनुमोदन कर चुके हैं ;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डी0एन0 कॉलेज, मसौढ़ी, पटना के लम्बित अंगीभूतिकरण आदेश निर्गत करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक ?

---

विकसित करना

* 2051. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखंड के जी0डी0 उच्च विद्यालय, डुमरियां में एक बड़ा खेल का मैदान है जो खुला है एवं उसमें आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे छात्रों को पठन–पाठन बाधित होता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त खेल मैदान को चहारदीवारी से घेरकर स्टेडियम के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

महाविद्यालय खोलना

* 2052. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (उच्च शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखंड में एक भी महाविद्यालय ऐसा नहीं है, जिससे छात्र–छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई हेतु 35 कि0मी0 की दूरी तय कर कटिहार शहर के महाविद्यालयों में नामांकन कराना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में स्नातक कला, विज्ञान तथा वाणिज्य की पढ़ाई हेतु महाविद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 2053. श्री राजेश सिंह—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मीकिनगर वन क्षेत्र वाले गाँवों के पास वाले खेतों में बंदरों द्वारा विगत 10 वर्षों से फसलों को बर्बाद कर दिया जाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के बंदरों द्वारा फसल को बर्बादी से रोकने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बस स्टैण्ड बनाना

*2054. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत मनिहारी नगर पंचायत के मनिहारी शहर में बस स्टैण्ड नहीं रहने से यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार वहां बस स्टैण्ड बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

छात्रावास खोलना

*2055. श्रीमती रंजू गीता—क्या मंत्री, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड मे पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए आवासीय छात्रावास नहीं है, जिसके कारण उक्त वर्ग के छात्रों को कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के आवासीय छात्रावास खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र खोलना

*2056. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के सुपौल प्रखंड अन्तर्गत वीणा पंचायत के ग्राम सुन्दरपुर वार्ड नं0 5 एवं ग्राम बभनगाँवा वार्ड नं0 12 के प्रत्येक वार्ड की जनसंख्या 1000 है, लेकिन दोनों वार्डों में आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त वार्डों में आँगनबाड़ी केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2057. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2007 में राज्य के सभी प्रखंडों में 1–1 उच्च विद्यालयों में आउटडोर मीनी स्टेडियम का निर्माण करवाने की घोषणा की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावां प्रखंड के सरदार पटेल इन्टर विद्यालय, कोनन्दपुर का छात्र–छात्रायें खेल के प्रति काफी प्रयत्नशील रहते हैं, आउटडोर स्टेडियम का निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरदार पटेल इन्टर विद्यालय, कोनन्दपुर में आउटडोर मीनी स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवस्था करना

*2058. डॉ0 कृष्णनंदन यादव—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन–जाति विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखंड के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन–जाति विद्यालय तपोवन में इंटर तक की पढ़ाई नहीं होती है जिससे छात्र आठवां वर्ग पास कर आगे की पढ़ाई छोड़ देते हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में इन्टर तक की पढ़ाई की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

* 2059. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय––क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के प्रखंड सहार में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में शिक्षक के 08 पद प्रस्तावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में केवल एक ही शिक्षक विज्ञान विषय के कार्यरत हैं और बाकी सात विषय जीव विज्ञान, हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, सामाजिक विज्ञान और गृह विज्ञान का शिक्षक का पदस्थापन नहीं हुआ है, जिससे बालिकाओं की पढ़ाई बाधित हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाकी सात विषयों के शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

उपलब्ध कराना

* 2060. श्री रत्नेश सौदा––क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत वर्ष 2008 में भीषण बाढ़ से करीब 40 बच्चे अपने परिवार से बिछुड़ कर अनाथ हो गये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि उन अनाथ बच्चों का लालन–पालन सहरसा जिला में आकांक्षा अनाथ आश्रम में किया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में आकांक्षा अनाथ आश्रम को अनाथ बच्चों के लालन–पालन एवं पठन–पाठन तथा चिकित्सा सुविधा हेतु अनुदान स्वरूप राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण करना

* 2061. श्रीमती सुजाता देवी––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखण्ड पंचायत नौआवाखर ग्राम चमेलवा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय का भवन निर्माण वर्ष 2011 में अधूरा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के निर्माण कार्य के लिए राशि का उठाव हो चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

* 2062. श्रीमती बीमा भारती––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के रूपौली विधान–सभा क्षेत्र के बड़हरा कोठी प्रखण्डान्तर्गत भतसारा संथाली टोला गाँव में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जिससे छात्रों को पठन–पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुनिश्चित करना

* 2063. श्री प्रेम रंजन पटेल––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिलान्तर्गत चानन प्रखंड में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय नहीं रहने से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड में नहीं रहते हैं, जिससे प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्य बाधित हो रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार चानन प्रखंड में प्रखंड शिक्षा कार्यालय व्यवस्थित कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान करना

* 2064. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के विभिन्न नियोजन इकाइयों द्वारा विभागीय आदेशानुसार 2006 के रिक्ति के विरुद्ध रिक्त पदों (बैक लॉग) पर रिक्त रोस्टर बिन्दु के विरुद्ध दिनांक 14 अगस्त, 2010 को नियुक्ति पत्र बाँटा गया तथा 16 अगस्त, 2010 को विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा योगदान दिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नियोजन में 350 शिक्षकों ने योगदान किया जो आजतक कार्यरत हैं, परन्तु 30 महीने बीतने के बाद भी मानदेय का भुगतान नहीं होने से शिक्षकों के परिवार के समाने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नियोजित शिक्षकों का मानदेय भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

* 2065. श्री श्याम बिहारी प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पू0 चम्पारण जिला अन्तर्गत झखिया मध्य विद्यालय से सेमरा उच्च विद्यालय एवं जिला मुख्यालय स्थित उ0वि0 की दूरी 6 कि0मी0 से ज्यादा है जिससे उक्त विद्यालय के अध्ययनरत छात्रों को मा0 शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार झखिया मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यालय खोलना

* 2066. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से महिला विकास निगम की स्थापना की गई है तथा राज्य के सभी जिलों में महिला विकास निगम के जिला स्तरीय कार्यालय की स्थापना करने का लक्ष्य रखा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस योजना के कार्यान्वयन हेतु वर्ष 2012–13 के लिए 300 करोड़ रुपये महिला विकास निगम को आवंटित हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, पश्चिमी चम्पारण सहित अन्य जिलों में आजतक महिला विकास निगम का जिला स्तरीय कार्यालय नहीं खुल सका है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी जिलों में महिला विकास निगम का कार्यालय खोलने तथा सचालित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 2067. श्री श्रवण कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत बेन प्रखंड के मध्य वि0 मैजरा में 2010–11 एवं 2011–12 के प्रथम एवं द्वितीय वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति एवं पोशाक की राशि का आवंटन विद्यालय को प्राप्त हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि छात्रवृत्ति एवं पोशाक की राशि बच्चों के बीच वितरण नहीं किया है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राशि गबन करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

निर्माण करना

*2068. श्री सतीश कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखंडान्तर्गत रूस्तमपुर पंचायत में अवस्थित रा०मा०वि० (माखन मध्य विद्यालय), रूस्तमपुर विगत 50 वर्षों से सामुदायिक भवन में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में 700 से अधिक छात्र–छात्राएँ अध्ययनरत है और विद्यालय के भवन निर्माण हेतु राशि भी स्वीकृत है ;

(3) क्या यह बात सही है, कि उक्त विद्यालय का भवन जमीन के अभाव में नहीं बन रहा, जबकि विद्यालय के निकट ही लगभग 2 एकड़ से अधिक गैर–मजरुआ जमीन उपलब्ध है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण उक्त जमीन पर कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*2069. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जन–जाति के सर्वांगीण विकास तथा शैक्षिक स्थिति के सुधार के लिए आवासीय विद्यालय खोलने का निर्णय 2010 में लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला के सूर्यगढ़ा तथा चानन प्रखंड में बड़ी आबादी अनुसूचित जन–जाति के रहते हुए कोई आवासीय विद्यालय उनके पढ़ने के लिए नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लक्खीसराय जिला में अनुसूचित जन–जाति के बच्चों के पढ़ने के लिए आवासीय विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2070. श्री श्याम बिहारी प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि —

(1) क्या यह बात सही है कि पू० चम्पारण जिलान्तर्गत बंजरिया प्रखंड के ग्राम फूलबार में उच्च विद्यालय है जिसका नया भवन बना है किन्तु फ्लोर टूट गया है और छत का ढलाई भी खराब है तथा दरवाजा पतला पलाई बोर्ड से बना है जहां पहले भी दरवाजा तोड़कर कम्प्यूटर चोरी हो चुका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस अनियमितता पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नियमित करना

*2071. श्री संतोष कुमार निराला—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०)विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत उच्च विद्यालय, सिकड़ी में आदेशपाल के पद पर वर्ष 2001 से कार्यरत कर्मी को पारिश्रमिक के रूप में मानदेय दिया जा रहा है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उनकी सेवा नियमित करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्त करना

*2072. श्री कृष्णनंदन यादव—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय और उत्तरी प्रखंड का बाल विकास कार्यक्रम पदाधिकारी का पद रिक्त है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त रिक्त पद पर सी०डी०पी०ओ० की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2073. श्री कृष्णनंदन पासवान—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के प्रजापति + 2 उच्च मा०वि० कनछेदवा एवं श्री नन्द बहादुर जीवन राय उच्च विद्यालय, गोईठाहा में चहारदीवारी नहीं है। साथ ही श्री नन्द बहादुर जीवन राय उच्च विद्यालय, गोईठाहा भवनहीन है। भवन एवं चहारदीवारी के अभाव में छात्र एवं छात्राओं को काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में भवन एवं चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2074. श्री रामानंद राम—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत नावकोठी प्रखंड मुख्यालय स्थित अयोध्या प्रसाद सिंह उच्च विद्यालय में आउटडोर एवं इन्डोर स्टेडियम का निर्माण किये जाने के संबंध में जिला स्तर पर सभी प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना के सचिव के पत्रांक 463, दिनांक 8 अप्रील, 2008 के आलोक में उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, बेगूसराय ने जिले के 18 प्रखंड के अंतर्गत उपर्युक्त विद्यालय के मैदान में आउटडोर एवं इन्डोर स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव अपने पत्रांक 117, दिनांक 28 मई, 2008 के द्वारा विभागीय सचिव के पास भेजा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बताए कि राम अयोध्या सिंह उच्च विद्यालय नावकोठी बेगूसराय में आउटडोर एवं इन्डोर स्टेडियम का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*2075. श्री सतीश चन्द्र दूबे—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले के लौरिया प्रखंड के गनौली डुमरा पंचायत में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है जिससे उक्त पंचायत एवं उसके आस–पास पंचायतों के छात्रों को काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत से लौरिया परसौनी तथा अन्य उच्च विद्यालय 7 से 8 कि०मी० की दूरी पर अवस्थित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*2076. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम बिहमा में मध्य विद्यालय बिहमा संचालित है, जिसमें 400 छात्र है तथा उच्च विद्यालय में उत्क्रमित हेतु विद्यालय परिसर में आधारभूत संरचना भी बना हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2077. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी अनुमंडल मुख्यालय में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रावास नहीं रहने के कारण पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्गों के छात्रों के लिए छात्रावास निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*2078. श्री सतीश कुमार साह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के उच्च विद्यालय मरैया वलुआ का चहारदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशुओं का प्रवेश विद्यालय परिसर में हो जाता है, जिससे पठन-पाठन में व्यवधान उत्पन्न होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*2079. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नदी घाटी योजना उच्च विद्यालय, बाल्मीकिनगर में स्वीकृत शिक्षक का पद 9 हैं, किन्तु 3 शिक्षक कार्यरत हैं तथा शेष पद विगत 3 वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालय में रिक्त पदों पर शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थापना करना

*2080. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखंडान्तर्गत रूस्तमपुर पंचायत में उच्च विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रूस्तमपुर के छात्र-छात्राओं को 8वीं कक्षा के बाद आगे की पढ़ाई करने हेतु 8 कि०मी० दूर उ०वि०, रामपुर श्यामचंद या पृथ्वी सिंह उ०वि०, जहाँगीपुर जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में उच्च विद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*2081. श्रीमती कविता कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सिसवन प्रखंड के हरेराम ब्रम्हचारी उच्च विद्यालय में शिक्षकों के 15 स्वीकृत पद के विरुद्ध 03 एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी के 03 स्वीकृत पद के विरुद्ध 01 ही कार्यरत है, जिससे शिक्षण कार्य में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार स्वीकृत पद के अनुरूप शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है ?

उत्क्रमित करना

*2082. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत हिसुआ प्रखंड के ग्राम सकरा में मध्य विद्यालय अवस्थित है जिसके पाँच कि०मी० की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में दिक्कत होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त म०वि० को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2083. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के प्रखण्ड फुलवरिया में राजकृत बुनियादी मध्य विद्यालय मिश्रवतरहाँ में माता समिति का गठन नहीं हुआ है, जबकि शिक्षा प्रसार पदाधिकारी फुलवरिया ने अपने पत्रांक 340/2012 एवं पत्रांक 17/2013, द्वारा माता समिति गठन करने हेतु पत्राचार भी किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय में माता समिति का गठन नहीं होने से मध्याह्न भोजन का वितरण नहीं हो रहा है, जिससे लगभग आठ सौ छात्र-छात्राएँ उस योजना के लाभ से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त विद्यालय में माता समिति गठन कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पूर्ण करना

*2084. श्रीमती वीणा देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट प्रखंडान्तर्गत जमालपुर कोदई पंचायत के राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय कल्याणी में 5 बीघा जमीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्कूल भवन, मध्याह्न भोजन, कीचन बोर्ड एवं शौचालय के निर्माण हेतु 38 लाख रुपया 5 वर्ष पूर्व विभाग द्वारा प्रधानाध्यापक को दिया गया है एवं निर्माण कार्य 2 वर्ष के अन्दर पूरा करने का समय-सीमा निर्धारित किया गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रधानाध्यापक की शिथिलता से अबतक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माण कार्यों को अविलम्ब पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*2085. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के बेलहा दक्षिणी पंचायत के वार्ड नं० 16 एवं 17 भेलवा टोला इस्लामापुर में विद्यालय के अभाव में सैकड़ों बी०पी०एल० परिवार के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2086. श्री छेदी पासवान--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला रोहतास के कैमूर पहाड़ी पर गुप्ताधाम और बगल में शेरगढ़ किला अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि साल में हर 15 दिनों के बाद वहाँ मेला लगता है और मेले में बिहार के अधिकतर जिलों तथा अन्य राज्यों से भी लाखों की संख्या में लोग मेले में आया करते हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि यातायात की सुविधा नहीं रहने के कारण यात्रियों एवं ग्राम-औरईया, भुडकुडा, ओरदगा के ग्रामीणों के साथ बाहर से आये हुए शिव भक्तों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पनारी घाट से गुप्ताधाम और शेरगढ़ किला होते हुए पचौरा और उगहनी तक सड़क बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*2087. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय, गोविन्दपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा की गई अनियमितता की जाँच स्थानीय जनता द्वारा की गई शिकायत के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, भागलपुर द्वारा किया गया, जाँच में अनियमितता पायी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, भागलपुर ने 11 अक्तूबर, 2012 को उनके विरुद्ध कार्रवाई हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी, भागलपुर को भेजा लेकिन आजतक इनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

लागू करना

*2088. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला में अवस्थित बुनियादी विद्यालयों में प्रति विद्यालय पाँच एकड़ जमीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व में बुनियादी विद्यालयों में कृषि, छोटे-छोटे उद्योग एवं अन्य जीवनोपयोगी कार्यों की शिक्षा दी जाती थी, जबकि वर्तमान में मात्र सामान्य प्राथमिक शिक्षा दी जाती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बुनियादी शिक्षा को फिर लागू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्यालय खोलना

*2089. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह-क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत कल्याणपुर प्रखण्ड में निबंधन कार्यालय नहीं है जिससे आम लोगों को निबंधन प्रक्रिया में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि कल्याणपुर प्रखंड पूर्वी चम्पारण जिले का सबसे बड़ा एवं अधिक आबादी वाला प्रखंड क्षेत्र है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कल्याणपुर प्रखंड में निबंधन कार्यालय खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*2090. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में जिला परिवहन पदाधिकारी का पद विगत 5 वर्षों से रिक्त है, यदि हां, तो क्या सरकार वहाँ जिला परिवहन पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

व्यवस्थित करना

*2091. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में संग्रामपुर प्रखंड के अन्तर्गत ऋषिकुल संस्कृत आश्रम उपशास्त्री उच्च विद्यालय 1917 से श्री कामेश्वर सिंह विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्वीकृति से संचालित हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में भवन एवं शिक्षक का अभाव होने से संस्कृत पढ़ने वाले बच्चों को काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराकर एवं शिक्षक की प्रतिनियुक्ति कर विद्यालय की पढ़ाई को सुव्यवस्थित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

वृद्धि करना

*2092. डॉ0 अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 30 अक्तूबर, 2012 के अंक में छपी खबर के आलोक में क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में स्पिरिट के उत्पादन पर 13 प्रतिशत वैट देने का प्रावधान है जबकि राज्य के बाहर से स्पिरिट मँगाने पर मात्र 2 प्रतिशत प्रवेश कर लगता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त व्यवस्था लागू रहने के कारण राज्य के स्पिरिट निर्माता अपनी मिलों में स्पिरिट का उत्पादन कम करके राज्य के बाहर से स्पिरिट मँगाते हैं जिससे सरकारी राजस्व की क्षति होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस असमानता को दूर कर राजस्व में वृद्धि करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पूर्ण करना

*2093. श्री राम लषण राम 'रमण'--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित रामेश्वर उच्च विद्यालय, राजनगर के 6 (छः) एकड़ के क्रीड़ा मैदान में वर्ष 2006-07 में तत्कालीन विभागीय मंत्री ने स्टेडियम निर्माण का शिलान्यास किया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मैदान में खिलाड़ियों के लिए ड्रेसिंग भवन का निर्माण वर्ष 2008 में कराया गया परन्तु स्टेडियम का निर्माण नहीं हो सका;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक स्टेडियम का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पूर्ण कराना

*2094. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत उच्च विद्यालय, विक्रमगंज, कुसुम्हरा, गोड़ारी, औसाँव, सुकहरा, अमौना, चुलकार, बुडवल एवं प्रोजेक्ट विद्यालय, संझौली का 10+2 में वित्तीय वर्ष 2006-07 से 2009-10 में उत्क्रमण के फलस्वरूप प्रत्येक विद्यालय को आधारभूत संरचना निर्माण हेतु 26-26 लाख रुपये आवंटित राशि में से 13-13 लाख रुपये राशि वर्ष 2012 में सरेंडर की गयी थी, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सरेंडर की गयी राशि को पुनः आवंटित कर अधारभूत संरचना का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2095. श्री अभिराम शर्मा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिले के मांदिल, नोआवा, रकसीया, दयालचक, सिकरिया एवं भवानीचक स्थित उच्च विद्यालयों को 10 + 2 में उत्क्रमित किये जाने के बावजूद अबतक 10 + 2 के भवन का निर्माण नहीं हो सका है जिससे उक्त इलाके के छात्रों को पढ़ाई में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में 10 + 2 के भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रारंभ करना

*2096. श्री विनोद नारायण झा—क्या मंत्री, शिक्षा (उ0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने चन्द्रगुप्त इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट के लिये नये भवन के निर्माण का निर्णय लिया है और भवन के साथ आवासीय भवन के फेज 2 का निर्माण कार्य भी किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण कार्य की शुरूआत इसी वित्तीय वर्ष में प्रारंभ करने का निदेश मुख्य मंत्री महोदय ने दिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भवन निर्माण कार्य इसी वित्तीय वर्ष से प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुदान देना

*2097. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (उ0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिहार शरीफ मुख्यालय में स्थित अयोध्या प्रसाद महिला कॉलेज की स्थापना वर्ष 1981 में की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलेज को वित्त रहित शिक्षा नीति के तहत सभी अर्हताओं को पूरा करने के पश्चात् आज अनुदान की राशि एक बार भी नहीं दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कॉलेज को अनुदान देने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

न्याय दिलाना

*2098. श्री कन्हैया कुमार—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के सिरदला प्रखंड के ग्राम चमरडीह वार्ड नं0 10 पंचायत सौंढ़, मझगाँवा में आँगनबाड़ी केन्द्र पर सेविका एवं सहायिका के लिए दिनांक 15 नवम्बर, 2012 को नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आँगनबाड़ी केन्द्र के लिए दो आवेदनकर्ता रिंकु कुमारी, पति मन्टु रविदास सेविका पद के लिये एवं सोनल कुमारी, पति कालीचरण रविदास सहायिका पद के लिए आवेदन दिया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि सी0डी0पी0ओ0 सिरदला द्वारा उक्त दोनों आवेदकों का आवेदन गायब कर दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बहाली को रद्द कर दोनों आवेदकों को न्याय दिलाने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*2099. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि सभी जिलों में दलित एवं महादलित छात्र–छात्राओं के लिए प्रखंड स्तर पर एक आवासीय उच्च विद्यालय का निर्माण करवाया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर एवं पीरो प्रखंड में उक्त विद्यालय नहीं खोला गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में आवासीय उच्च विद्यालय खोलना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

महाविद्यालय खोलना

*2100. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, शिक्षा (उ0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के थरथरी प्रखंड में महाविद्यालय नहीं है, जिससे छात्र–छात्राओं को स्नातक शिक्षा हेतु गाँव से दूर जाना पड़ता है एवं उच्च शिक्षा ग्रहण करने में उन्हें असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार थरथरी प्रखंड में एक महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय बनाना

*2101. श्री ललन राम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड कुटुम्बा में महराजगंज कन्या उच्च विद्यालय बनाने का निर्णय वर्ष 2011 में लिया गया है किन्तु अभीतक अपूर्ण है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार महाराजगंज में कन्या उच्च विद्यालय बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2102. श्री नौशाद आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत नया प्राथमिक विद्यालय, गुंजरमारी पं0 दुधौंटी के नया विद्यालय भवन हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं संरचना), सर्व शिक्षा अभियान, किशनगंज ने वर्ष 2009 को पाँच लाख रु0 आवंटित किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में अबतक कोई भवन नहीं बना है एवं आवंटित राशि को संबंधित कनीय अभियंता एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अन्य स्थान पर खर्च किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त विद्यालय में शीघ्र भवन निर्माण कराते हुए दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण करना

*2103. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखंड अंतर्गत डुमरा ननौरा पंचायत के आँगनबाड़ी केन्द्र का भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2010 में शुरू किया गया था जो अर्द्धनिर्मित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त भवन को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2104. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत डोभी प्रखंड के नदरपुर में उच्च विद्यालय नहीं है जिससे छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय, नदरपुर उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने का सारा शर्त पूरा करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, नदरपुर को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पेंशन देना

*2105. श्री चंद्रशेखर--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 5 जुलाई, 2012 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''पंचायतों में शिविर लगाकर बाँटी जायेंगी पेंशन'' के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना को ज्यादा पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए इसे सभी पंचायतों में शिविर लगाकर बाँटने का निर्णय लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णय के बावजूद मधेपुरा जिला के किसी भी पंचायत में शिविर नहीं लगाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधेपुरा जिला के सभी पंचायतों में शिविर लगाकर पेंशन बंटवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*2106. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा माध्यमिक शिक्षा का सर्वव्यापीकरण करने के लिए 5 किलो मीटर के दायरे में उच्च विद्यालय एवं 8 किलो मीटर की परिधि में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलने के लिए वार्षिक योजना 2012-13 हेतु 20550 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के झुन्नीकला पंचायत एवं हसेली, खुट्टी पंचायत के 9 किलो मीटर के दायरे में उच्च माध्यमिक विद्यालय नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*2107. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कोरसा में 769 छात्र-छात्राओं की संख्या है जिसमें शिक्षक मात्र सात हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में 138 बच्चे उर्दू पढ़ने वाले भी हैं, जबकि उर्दू के एक भी शिक्षक नहीं हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में शिक्षक नहीं रहने के कारण सभी छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में पद के अनुरूप शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बैठक करना

*2108. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा निर्धारित एस०ओ०पी० के तहत आँगनबाड़ी केन्द्रों के सुव्यवस्थित संचालन हेतु जिला एवं राज्यस्तरीय समिति का गठन वर्ष 2011-12 में ही किया गया है परन्तु उक्त जिलास्तरीय समिति एवं राज्यस्तरीय समिति की आजतक एक भी बैठक नहीं हुई है, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

--------

विद्यालय खोलना

*2109. श्री अख्तरुल ईमान--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने प्रत्येक पंचायत में एक उच्च विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के दर्जनों पंचायत यथा भगाल, हिम्मतनगर, कुट्टी, बरचौन्दी, दामलबाड़ी इत्यादि में अबतक उच्च विद्यालय नहीं खोले गये जिस कारण बच्चों को 10-15 कि०मी० तय कर उच्च विद्यालय जाना पड़ता है, जबकि आर०टी०ई० के तहत प्रत्येक पाँच कि०मी० की दूरी पर उच्च विद्यालय की व्यवस्था होनी चाहिए ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किशनगंज जिला के सभी पंचायतों में उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान करना

*2110. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के विश्वविद्यालयों के अल्पसंख्यक तथा अन्य घाटानुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों को भविष्य निधि पेंशन-सह-उपदान के भुगतान से संबंधित सरकार की संकल्प सं० 171, दिनांक 18 जनवरी, 2011 निर्गत हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संकल्प के निर्गत हुए दो साल से ज्यादा बीते चुके हैं लेकिन अभीतक उसका कार्यान्वयन नहीं होने कारण सैकड़ों कर्मचारी भविष्य निधि पेंशन-सह-उपदान का लाभ पाने से वंचित हैं ,

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब से शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को उक्त लाभ का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपलब्ध कराना

*2111. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत फुलपरास एवं घोघरडीहा प्रखंड स्थित नया प्राथमिक विद्यालय, गोढ़ियारी (किसनीपट्टी) उत्क्रमित मध्य विद्यालय, किरतपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, द्वारम, प्राथमिक विद्यालय, फुलपरास पश्चिमी, उत्क्रमित मध्य विद्यायल, महदेवा, नया प्राथमिक, विद्यालय तिलाठ (मखनाही), नया प्राथमिक विद्यालय, धनपत, बरही (हटनी) का भूमि के अनुपलब्धता के कारण भवन बनाना संभव नहीं हो रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित विद्यालय के भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करवाने की कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*2112. श्रीमती ज्योति देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखण्ड बोधगया के ग्रा०पं०, झिकटिया में उर्दू मध्य विद्यालय निस्खा है, जहाँ लगभग 1.50 एकड़ जमीन उपलब्ध है, जिसमें बच्चे खेलते हैं, किन्तु बिना चहारदीवारी के मैदान का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के मैदान का चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनुमति देना

*2113. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत सरमेरा प्रखंड मुख्यालय में स्टेडियम के निर्माण हेतु स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2011-12 में दी गई थी तथा सरकार द्वारा राशि भी आवंटित कर दी गई थी, किन्तु जमीन की व्यवस्था नहीं रहने के कारण स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका है, जबकि बिन्द प्रखंड के बिन्द +2 विद्यालय में स्टेडियम निर्माण हेतु सारी अर्हताओं को पूरा करता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित में अस्थावां विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत बिन्द +2 विद्यालय में स्टेडियम के निर्माण कार्य की अनुमति देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिक्षक बहाल करना

*2114. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पिछले जनवरी-फरवरी, 2012 में 34540 ट्रेन्ड शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया शुरू की गई थी, जो अभीतक अपूर्ण है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस बहाली प्रक्रिया में लगभग एक हजार फर्जी डिग्री वालों की भी बहाली कर ली गई है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फर्जी डिग्री वालों को बाहर करते हुए बाकी बचे हुए ट्रेन्ड शिक्षकों को बहाल करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*2115. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के कटोरिया प्रखंडान्तर्गत कैलाश मिश्र उच्च विद्यालय जयपुर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण छात्रावास भवन के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2011-12 में 48,00,000 (अड़तालीस लाख) रुपये का आवंटन सरकार द्वारा किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त राशि आवंटन के बाद विधिवत् निविदा भी प्रकाशित किया गया, परन्तु अभीतक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त छात्रावास भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*2116. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के प्रत्येक जिलों के प्रखंडों में माध्यमिक एवं उच्चतर विद्यालयों में बालिका छात्रावास निर्माण की योजना वित्तीय वर्ष 2009-10 में संचालित है तथा वित्तीय वर्ष 2012-13 में वार्षिक योजना हेतु 2500.00 लाख का प्रावधान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हनुमानगर प्रखंड एवं बहादुर प्रखंड में उक्त योजनान्तर्गत बालिका छात्रावास का निर्माण आजतक नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित योजना के तहत उक्त प्रखंडों में बालिका छात्रावास का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*2117. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के संदेश प्रखंड अन्तर्गत +2 प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय फुलाड़ी में चहारदीवारी, शौचालय, बेंच आदि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है जिससे छात्राओं को पठन-पाठन में काफी परेशानी होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2118. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड के ग्राम फुलमा, लखनमोहन एवं मनैल में स्थित मध्य विद्यालयों के बच्चों को उच्च विद्यालय जाने में काफी दूरी तय करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार तीनों मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थापना करना

*2119. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत राजभंडारी में विद्यालय नहीं रहने के कारण पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में नवसृजित प्रा० विद्यालय की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2120. श्री जाकिर हुसैन खान--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड के जोगबनी नगर पंचायत में विगत 50 वर्षों से अधिक समय से उच्च विद्यालय स्थापित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय को 10+2 का दर्जा देने हेतु विगत दो वर्ष पूर्व भवन निर्माण एवं अन्य कार्यों हेतु राशि आई थी परन्तु जिले के प्रशासनिक लापरवाही के कारण उक्त विद्यालय 10+2 का दर्जा पाने से वंचित रह गया एवं राशि भी वापस कर दिया गया;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के 12 कि०मी० की परिधि में 10+2 विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन हेतु जोगबनी से फारबिसगंज आना-जाना पड़ता है जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उक्त विद्यालय को 10+2 का दर्जा दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*2121. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर प्रखंड अन्तर्गत कठौतिया महादलित टोला में मां काली का एक पुराना मंदिर है जिसके समीप कला मंच नहीं रहने के कारण, महादलित युवाओं को कला के प्रदर्शन में समस्या उत्पन्न होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर कला मंच का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*2122. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में संचालित 2464 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 98560 बच्चों को जनवरी, 2013 में पोषाहार की राशि से वंचित रहना पड़ा, यदि हां, तो अंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषाहार की राशि उपलब्ध नहीं होने का क्या औचित्य है ?

---------

विरमित करना

*2123. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार कॉलेज सेवा आयोग के विघटन के पश्चात् वहाँ के कर्मचारियों का समायोजन बादशाह नवाब रिजवी उच्च विद्यालय, गुलजारबाग में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बादशाह नवाब रिजवी उच्च विद्यालय में समायोजन के बाद भी अभीतक कुछ कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति शिक्षा विभाग मुख्यालय में है, जबकि उक्त विद्यालय में पहले से ही कर्मचारियों की कमी के कारण प्रशासनिक कार्य बाधित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में समायोजित कर्मचारियों की शिक्षा विभाग में की गयी प्रतिनियुक्ति रद्द करते हुये विद्यालय में योगदान हेतु विरमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*2124. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के कुल 544 बाल विकास परियोजनाओं के तहत कार्यरत 91677 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से मात्र 6000 केन्द्रों को ही अपना भवन है, यदि हां, तो क्या सरकार शेष बचे सभी 85677 भवनहीन केंद्रों के लिए भवन बनवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रतिनियुक्ति करना

*2125. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखण्ड के मलौर, धुवडीहा उच्च विद्यालय में गणित एवं विज्ञान के शिक्षक प्रतिनियुक्त नहीं हैं जिसके कारण उक्त विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं को गणित एवं विज्ञान विषयों का पठन-पाठन नहीं होता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में गणित एवं विज्ञान विषयों के शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुनिश्चित करना

*2126. डॉ० जावेद इकबाल अंसारी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला अन्तर्गत बाराहार प्रखण्ड के मध्य विद्यालयों में छात्र/छात्राओं के अनुपात में डेस्क-बेंच की कमी है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित प्रखण्ड के सभी मध्य विद्यालयों में डेस्क-बेंच की व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है,-नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2127. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के टाइगर रिजर्व क्षेत्र, वाल्मिकीनगर में वर्ष 2011 में बाघों की संख्या 17 थी जो घटकर वर्तमान में मात्र 6 हो गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बाघों के सुरक्षार्थ पदाधिकारियों की जिम्मेवारी तय करते हुये दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*2128. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, मझौल, तिलक ताजपुर, मानिक चौक, विष्णुपुर वासुदेव सहित अन्य उच्च विद्यालय में चहारदीवारी नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालयों के चहारदीवारी नहीं होने के कारण विद्यालय परिसर का साइकिल, बेंच, कुर्सी सहित अन्य सामग्री चोरी हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त उच्च विद्यालय के चहारदीवारी का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2129. डॉ० अरूण कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड के महंथ नारायण उच्च विद्यालय, चकभारो के प्रधानाध्यापक के द्वारा आजतक (तीन वर्षों) प्रबंध समिति की एक भी बैठक नहीं बुलायी गयी है और नहीं प्रबंध समिति का गठन करवायी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि नियमानुसार प्रबंध समिति के सदस्य एवं प्रधानाध्यापक के संयुक्त हस्ताक्षर से खाता का संचालन होता है, जिसका उन्होंने पालन नहीं किया है;

(3) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2010-11, 2011-12 एवं 2012-13 विद्यालय के लिए विभिन्न स्रोतों से आने वाली विकास की राशि का गबन कर लिया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियोजन करना

*2130. श्रीमती मीना द्विवेदी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वर्ष 2011 से टी०ई०टी० परीक्षा होने तक शिक्षक नियोजन प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के अरेराज प्रखण्ड अन्तर्गत मुड़ा पंचायत में सरकार के आदेश की अवहेलना कर वर्ष 2012 में सात पंचायत शिक्षकों का नियोजन कर नियुक्ति-पत्र निर्गत कर विद्यालयों में योगदान कराकर वेतन भुगतान किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियम के विरुद्ध हुये शिक्षक नियोजन को रद्द कर टी०ई०टी० पास अभ्यर्थियों का नियोजन कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2131. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अंतर्गत कुरेठा ग्राम पंचायत के वार्ड सं0 14 में आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार करना

*2132. डॉ0 दाउद अली—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रस्वीकृत उर्दू विद्यालय की संख्या 1119 एवं संस्कृत विद्यालय की संख्या 532 है, जिसके अधिकांश विद्यालयों का भवन जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त विद्यालयों का भवन जर्जर रहने के कारण छात्रों को पठन–पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रस्वीकृत उर्दू एवं संस्कृत विद्यालयों के जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रारंभ करना

*2133. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (उ0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी अनुमंडलीय मुख्यालय में श्री महंथ शतानन्द गिरि कॉलेज शेरघाटी अवस्थित है, जहां वाणिज्य की पढ़ाई नहीं होती है, जिससे छात्रों को वाणिज्य की पढ़ाई के लिए मुख्यालय से बाहर जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार श्री महंथ शतानन्द गिरि कॉलेज शेरघाटी में वाणिज्य विषय की पढ़ाई शुरू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दंडित करना

*2134. श्री सुरेश कुमार शर्मा—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर के प्रमुख चौराहों में भगवानपुर चौक अति महत्वपूर्ण चौराहा है, जहां से बिहार के कई शहरों के लिए रास्ता निकलती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चौक पर वाहन मालिकों द्वारा अवैध रूप से वाहन खड़ा कर बस पड़ाव के रूप में चौक का उपयोग किया जाता है, जिससे प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है तथा दुर्घटना भी घटित होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चौराहे पर अवैध रूप से लग रहे पड़ाव को खत्म करने तथा दोषी वाहन मालिकों को दंडित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2135. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत मनीगाछी प्रखंड के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, बघात, मिथिला

उच्च विद्यालय बलौर में कॉमन रूम निर्माण हेतु अल्पसंख्यक मद से वर्ष 2009–10 में ग्रामीण कार्य विभाग दरभंगा को राशि आवंटित किया गया था लेकिन आजतक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त विद्यालयों में कॉमन रूम नहीं रहने के कारण विद्यालय के छात्र–छात्राओं को काफी असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में कॉमन रूम निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

* 2136. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, कला, संस्कृति विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलाधिकारी द्वारा अपने पत्रांक 809/12, दिनांक 03 नवम्बर, 2012 सरकार के सचिव, कला, संस्कृति विभाग, पटना को जॉर्ज ऑरवेल जन्मस्थली को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विकसित करने के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन व नजरिया नक्शा सहित भेजी गई है, यदि हां, तो क्या सरकार जॉर्ज ऑरवेल की जन्मस्थली को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

* 2137. श्री (मो0) आफाक आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कस्वा प्रखंड के मोहनी टिक्कापुर पंचायत में 10 किलोमीटर के दायरे में कोई भी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नहीं रहने से उच्च शिक्षा से छात्र वंचित हो रहे हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मोहनी टिक्कापुर पंचायत में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 2138. श्री रत्नेश सादा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा विधान–सभा क्षेत्र अन्तर्गत पतरघट प्रखंड के पतरघट उ0वि0 विगत पन्द्रह वर्षों से स्थापित है, जहां 500 से अधिक छात्र–छात्रायें शिक्षा ग्रहण करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालय को चहारदीवारी नहीं रहने के कारण माल मवेशी विद्यालय परिसर में प्रवेश कर जाते हैं जिसके कारण छात्र–छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उच्च विद्यालय के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रारंभ कराना

* 2139. श्री अभिराम शर्मा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिले के उच्च विद्यालय सरता, केशरबाग खैरा, दाउदपुर, गौतमबुद्ध, मुरलीधर एवं राज संपोषित बालिका विद्यालय में 10+2 का भवन एक वर्ष पूर्व निर्माण हो चुका है किन्तु 10+2 की पढ़ाई उक्त विद्यालयों में अबतक प्रारम्भ नहीं हो सकी है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में 10+2 की पढ़ाई प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2140. श्री शशिभूषण हजारी—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के घोघरडीहा प्रखंडान्तर्गत स्वीकृत 176 आँगनबाड़ी केन्द्रों में से 87 आँगनबाड़ी केन्द्र अपने निर्धारित स्थान पर संचालित न होकर सेविका एवं सहायिका के घर पर संचालित हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आँगनबाड़ी केन्द्रों के निर्धारित स्थान से अलग संचालित किये जाने एवं पोषाहार वितरण में बरती जा रही, अनियमितता पर प्रखंडस्तरीय नियंत्रण नहीं होने के कारण ही यह योजना पूरी तरह से सफलीभूत नहीं हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्धारित गाईडलाईन के विपरित संचालित हो रहे आँगनबाड़ी केन्द्रों को संरक्षण देने वाले दोषी प्रखंडस्तरीय पदाधिकरियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2141. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के दलसिंहसराय प्रखंड के पाँड–पाँडव स्थान की खुदाई में मौर्य कालीन अवशेष प्राप्त हुए है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर संग्रहालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापित करना

*2142. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ, प्रखंड के ग्राम भोजपुर छोटकी मड़हल, लक्ष्मीपुर, दुलारपुर, पकरीबरावाँ, वारिसलीगंज तथा काशीचक प्रखंडों के दर्जनों ग्रामों में प्राथमिक विद्यालय नहीं है साथ ही इन ग्रामों के 1 कि०मी० की परिधि में कहीं भी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय नहीं है जिससे वहां के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पकरीबरावाँ, वारिसलीगंज तथा काशीचक प्रखंडों के ग्रामों का सर्वेक्षण करवाकर प्राथमिक विद्यालय स्थापित करवाने का विचार रखती है, यदि, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2143. श्रीमती ज्योति देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड बोधगया के मध्य विद्यालय जमड़ी में 3.50 एकड़ भूमि उपलब्ध है किन्तु चहारदीवारी नहीं होने के कारण भूमि का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के खेल मैदान का चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2144. श्री तार किशोर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत विभाग का स्थापना कार्यालय छोड़कर शेष कार्यालय तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, साक्षरता कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय एवं मध्यह्मान भोजन अलग–अलग किराये के भवनों में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्यालय अलग–अलग किराये के भवनों में चलने के कारण कार्य क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव एवं समन्वय का अभाव के साथ–साथ सरकारी राशि किराये के रूप में व्यय हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कटिहार जिला मुख्यालय में एक छत के नीचे सभी उक्त कार्यालय हेतु शिक्षा भवन के निर्माण का इरादा रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2145. श्री जनक सिंह— क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय केरवा के मैदान में स्टेडियम निर्माण हेतु वर्ष 2009 में पहली किस्त के रूप में 08 लाख रुपये निर्गत किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर भूमि मानक क्षेत्रफल के अनुरूप नहीं है, यह बताया गया एवं राशि उप–विकास आयुक्त द्वारा लौटा दी गयी ;

(3) क्या यह बात सही है कि पुनः उन्होंने विभाग को लिखा कि उक्त स्थान पर भूमि मानक क्षेत्रफल के अनुरूप है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजकीय बुनियादी विद्यालय, केरवा के मैदान पर स्टेडियम निर्माण कार्य करने एवं विलंब के लिए दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि विमुक्त करना

*2146. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा प्रतिवर्ष अप्रील माह में भागलपुर जिले के विक्रमशीला खुदाई स्थल पर विक्रमशीला महोत्सव मनाया जाता है, यदि हां, तो इस वर्ष अप्रील माह में महोत्सव मनाने हेतु विभाग द्वारा राशि विमुक्त नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

कार्रवाई करना

*2147. श्रीमती उषा सिन्हा—हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 14 फरवरी, 2013 को प्रकाशित "फूहड़ संगीत के खिलाफ भोजपुरी अकादमी सख्त" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है भोजपुरी संगीत के नाम पर राज्य में त्योहारों, खासकर होली के मौके पर सार्वजनिक स्थलों पर फूहड़, द्विअर्थी व अश्लील कैसेट बजाये जाते रहे हैं, यदि हां, तो क्या सरकार सार्वजनिक स्थलों पर बजाए जाने वाले फूहड़, द्विअर्थी व अश्लील गानों पर रोक लगाने तथा इसके निर्माता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*2148. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर प्रखंड के मदरसा मुसाफिया रहीम विद्यालय बाथअसली में वर्ग 1 से 8 तक 300 छात्र/छात्रा पठन–पाठन कर रहे हैं किन्तु मदरसा में मात्र दो कमरा है, जिसमें छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मदरसा भवन में अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

वृक्ष लगाना

* 2149. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखंडान्तर्गत दिपउ ब्रह्म स्थान, इटवा बाल, अमरथा बाल एवं मोथा पोखरा परती सरकारी जमीन चारागाह स्थल बना हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त परती जमीन पर वृक्ष लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्त करना

* 2150. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, चरपोखरी में लगभग 500 छात्रायें नवम एवं दशम वर्ग में पढ़ती हैं, परन्तु शिक्षक एवं कमरा के अभाव में शिक्षण कार्य बाधित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में कमरा की व्यवस्था एवं शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुनिश्चित करना

* 2151. श्री विनोद नारायण झा—क्या मंत्री, शिक्षा (उ0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना विश्वविद्यालय के मैथिली, हिन्दी सहित अन्य विभागों के शोध छात्रों को कई वर्षों से फेलोशिप नहीं मिला है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विश्वविद्यालयों को जे0आर0एफ0 के खर्च का विवरण यू0जी0सी0 को प्रत्येक वर्ष मार्च के अंत तक भेज देना पड़ता है परन्तु पटना विश्वविद्यालय ने विवरण समय पर नहीं भेजा जिसके कारण उसे यू0जी0सी0 से समय पर अनुदान नहीं मिल पाया और उसका सीधा असर इस विश्वविद्यालय के शोध छात्रों के शोध कार्य पर पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना विश्वविद्यालय सहित राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों के शोध छात्रों को समय पर फेलोशिप दिलवाना सुनिश्चित करवाना चाहेगी, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 2152. श्री ललन राम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड फतुहा के उच्च विद्यालय, सैदनपुर में वित्तीय वर्ष 2010–11 मिट्टी भराई का कार्य के मद में 2 लाख रुपये निकासी गलत ढंग से सरकारी खजाने से की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खेल मैदान में किसी तरह का मिट्टी भराई का कार्य नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कौन–सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

* 2153. श्री छोटे लाल राय—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत छपरा, शीतलपुर, गरखा, सोनहो, परसा होते हुए पटना के लिए परिवहन विभाग द्वारा कोई भी सरकारी बस नहीं चलाई जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जगहों से सरकारी बस नहीं चलने के कारण गरीब व्यक्तियों को पटना आने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जगहों से सरकारी बस चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शुल्क कम करना

* 2154. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के शहरी क्षेत्र एवं देहाती क्षेत्र का निबंधन शुल्क 2 प्रतिशत एवं मुद्रांक शुल्क क्रमशः 8 प्रतिशत एवं 6 प्रतिशत निर्धारित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निबंधन शुल्क शहरी क्षेत्र के बराबर ही देहाती क्षेत्र के लिये रखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार देहाती क्षेत्र का निबंधन शुल्क कम करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र खोलना

* 2155. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के गौरा पंचायत के वार्ड नं० 8 के बरसिंघा टोला में आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं है तथा दो किलो मीटर के दायरे में एक भी आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोला में आँगनबाड़ी केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि देना

* 2156. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के तमाम +2 में उत्क्रमित विद्यालयों के भवन निर्माण हेतु 60–60 लाख रुपये आवंटित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत अमौर एवं बैसा प्रखंड के जनता उच्च विद्यालय, विश्णुपुर, हफनियाँ उच्च विद्यालय, हफनियाँ (अमौर) तथा तारक नाथ उच्च विद्यालय, प्याजी एवं कंजिया उच्च विद्यालय, कंजिया (बैसा) में +2 वर्ग का भवन नहीं बना हुआ है, जिस कारण छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में +2 वर्ग के भवनों का निर्माण कराने हेतु राशि आवंटित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

* 2157. श्री राम नरेश प्रसाद यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अन्तर्गत लहुरिया पंचायत के खुरसाहा ग्राम में प्राथमिक विद्यालय नहीं है; जिससे बच्चों को पठन–पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार खुरसाहा ग्राम में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2158. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत विन्दावारा हवाई अड्डा के समीप जे०आर०एस० महाविद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण वहाँ शिक्षाध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं को कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय में वार्षिक परीक्षाओं के साथ प्रतियोगिता परीक्षाएं भी प्रतिवर्ष होती रहती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

केन्द्र खोलना

*2159. श्री पद्म पराग राय वेणु--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखण्ड अन्तर्गत सायरा नगर वार्ड नं० 8 में कुल आबादी 650 रहने के बावजूद आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार सायरा नगर वार्ड नं० 8 में आँगनबाड़ी केन्द्र खोलना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*2160. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के फुलवरिया प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज मजिरवाँ कला में संचालित आँगनबाड़ी केन्द्र सं० 71 का अपना भवन नहीं है जिससे बच्चे खुले स्थान पर पढ़ने के लिए विवश हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त आँगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

स्थानान्तरित करना

*2161. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया नगर परिषद् क्षेत्र के 10+2 राजकीयकृत उच्च विद्यालय के भवन में ही नवोदय विद्यालय चल रहा है, जबकि नवोदय विद्यालय का अपना भवन बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में नामांकित बच्चों की पढ़ाई भवन के अभाव में बाधित हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवोदय विद्यालय को अपने भवन में स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मरम्मत कराना

*2162. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत मुंगेर निगम क्षेत्र में संस्कृत विद्यालय का भवन जर्जर है तथा बरसात के दिनों में पानी चुता है, जिससे वहाँ शिक्षाध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं को कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय भवन का मरम्मत कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

अंकित करना

*2163. श्री विनय बिहारी--दिनांक 25 जनवरी 2013 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''सवारी वाहनों पर अंकित करना होगा नाम व मोबाइल नम्बर'' के संदर्भ में क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला अन्तर्गत सवारियों को ढोने वाले वाहनों पर चालक, सहचालक एवं कन्डक्टर का नाम तथा मोबाइल नम्बर अंकित करने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी, बेतिया द्वारा दिया गया है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त निर्देश का पालन करते हुए सवारी वाहनों पर खण्ड (1) में वर्णित व्यक्तियों का नाम व मोबाइल अंकित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2164. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत दुर्गावती प्रखण्ड के धड़हर पंचायत के छात्र-छात्राओं को निकट में उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण उच्च शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*2165. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखण्ड के मधुबनी घाट मुशहर टोली प्राथमिक विद्यालय के महादलित छात्र-छात्राओं की वर्ष 2011-12 की छात्रवृत्ति की राशि निकासी कर अबतक वितरित नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार छात्रवृत्ति राशि वितरित कराते हुए जिम्मेवार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

संचालित करना

*2166. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में स्वीकृत आँगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या 2464 है, जिसमें से मात्र 2297 ही आँगनबाड़ी केन्द्र कार्यरत है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो अबतक 167 आँगनबाड़ी केन्द्र संचालित नहीं होने का क्या औचित्य है ?

उत्क्रमित करना

*2167. श्रीमती बीमा भारती—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बड़हरा कोठी प्रखंड के पटराहा मध्य विद्यालय के 05 कि०मी० के परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है जिससे छात्र–छात्राओं को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पटराहा मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*2168. श्रीमती कविता कुमारी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सिसवन प्रखंड के कचनार, बरवरी, रामपुर, भीखपुर पंचायतों के पाँच कि०मी० की परिधि में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है जिससे वहाँ के छात्रों को माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण करना

*2169. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता विधान–सभा क्षेत्र के प्रखंड गोगरी एवं परबत्ता में स्टेडियम निर्माण का कार्य वर्ष 2010 से चल रहा है, जो अभीतक अपूर्ण है जिससे उक्त क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका नहीं मिल रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में स्टेडियम निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*2170. श्री अमरनाथ गामी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायघाट स्थित उजैना हाई स्कूल, महंथ कर्म ज्योति हाई स्कूल में 1400 छात्र–छात्राएँ अध्ययनरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों विद्यालयों में मात्र 11 शिक्षक ही कार्यरत हैं जिससे छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन में असुविधा होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोनों हाई स्कूलों में छात्रों के अनुपात में विषयवार शिक्षकों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2171. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने दिनांक 14 अक्टूबर, 2009 को दरभंगा सदर प्रखंड के मिथिला उच्च विद्यालय, मखनाही में स्टेडियम निर्माण के लिए आग्रह किया था एवं विभाग में अंचलाधिकारी, दरभंगा अंचल का भूमि उपलब्धता एवं मापी का प्रतिवेदन दिया था ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के प्रांगण में स्टेडियम का निर्माण करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*2172. श्रीमती कुमारी मंजू वर्मा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत हौड़ाही प्रखंड में एक भी बालिका उच्च विद्यालय नहीं है जिससे बालिकाओं को पढ़ाई के लिए 15 किलो मीटर तक दूरी तय करनी पड़ती है जिसके चलते पढ़ाई बीच में ही छोड़ना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बालिकाओं की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए उक्त प्रखंड में बालिका उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना :
दिनांक 12 मार्च, 2013 (ई0)।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 247—डी0टी0पी0—450